20 Jul 2020

Social media
Share this article

# रायपुर : मंत्रालय और सभी विभागाध्यक्ष कार्यालय 22 जुलाई से 28 जुलाई तक रहेंगे बंद :सभी अधिकारी-कर्मचारी घर से करेंगे कार्य

रायपुर, 20 ज

मंत्रालय के विभागों के संचालन के संबंध में पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए राज्य शासन द्वारा आज यह निर्णय लिया गया है कि मंत्रालय और विभागाध्यक्ष कार्यालयों का संचाल से 28 जुलाई 2020 तक की अवधि में नहीं किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन द्वारा इस आशय का आदेश सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव (मंत्रालय विभागाध्यक्ष को जारी किया गया है। जिसके तहत यह निर्देश नवा रायपुर, अटलनगर स्थित विभागाध्यक्ष कार्यालयों एवं रायपुर में स्थित विभागाध्यक्ष कार्यालयों पर भी लागू होगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में निर्देशित किया गया है कि मंत्रालय एवं विभागाध्यक्षों के कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी घर से शासकीय कार्य संपादित (वर्क फ्राम हो सदैव मोबाईल/टेलीफोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से संपर्क में बने रहेंगे। आवश्यकता होने की स्थिति होने पर उन्हें कार्य पर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया जाएगा। साथ ही आवश्यक डाक के लाने-ले जाने एवं संचालन हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश है। शेष निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

क्रमांक: 27

TAGS:

Print this article